## खबर संक्षेप

### बकरी चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना में फरियादी मो. शौकत अली पिता स्व. अली हसन उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 12 रेस्ट हाउस के पास ने बताया कि मैंने अपने घर में 02 बकरी व 02 बकरा पाला है, 04 जून को मैं अपने माँ का ईलाज कराने मेडिकल कालेज शहडोल चला गया था, बकरी एवं बकरा को मेरा लडक़ा मुशाहिद रजा घर के पास खोलकर देख-रेख कर रहा था, दोपहर करीब 01 बजे लडक़ा मुशाहिद रजा फोन लगाकर बताया कि मैं घर के पास बकरे एवं बकरियो को खोलकर विलाशा होटल के पास जीतेश ट्रेडर्स के पीछे चरा रहा था, तभी एक सफेद रंग की बिना नम्बर की कार आई उसमे कुछ लोग उतरे और 02 बकरा एवं 02 बकरी उठाकर अपनी गाड़ी मे डालने लगे तो, मैं आवाज लगाया तो, वह लोग जल्दी-जल्दी, बकरा-बकरी को अपने सफेद कार में भरकर चोरी कर भाग गये है। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 379 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी यालम खान उर्फ लाले खान पिता स्व. अचार खान निवासी बरबसपुर मानपुर जिला उमरिया, उजमान खान पिता मोहेम्बर खान निवासी मानपुर जिला उमरिया के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त कार एवं माल मशरुका बरामद किये गये है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय जायसवाल के नेतृत्व में विवेचक सहायक उपनिरीक्षक रविदास संत, आरक्षक श्रीकांत की भूमिका रही।

### जहरीले शराब के सेवन से हुई मौत



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम हर्रवाह स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र के पीछे शुक्रवार की शाम 5 बजे मृत अवस्था मे मिले संतोष पिता सुखपद गुप्ता उम्र करीब 40 वर्ष की मौत पर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए है, उनका कहना है कि मृत भाई की मौत जहरीले शराब के सेवन से हुई है। दरअसल सूत्रों की माने तो शुक्रवार को मृत युवक अपने साथी के साथ कुम्हार मोहल्ला गया था,जहाँ देशी शराब का सेवन किया था,जिसके कुछ घण्टे बाद उसकी मृत्यु हो गई, बताया यह भी जाता है कि मृत युवक का शरीर मौत के बाद नीला पड़ गया था, साथ ही उसके नाक से निरंतर रक्त स्त्राव भी हो रहा था। इन्ही कारणों को लेकर परिजनों का मानना है कि मृत युवक ज़हरीले शराब का सेवन किया है, जिसके बाद उसकी मृत्यु हुई है। हालांकि घटना के बाद संबंधित बिलासपुर चौकी को मामले की जानकारी दी गई थी, जिसके बाद जरूरी कार्यवाही कर चिकित्सक के माध्यम से पुलिस ने पीएम आदि भी कराया गया है, शनिवार को मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया है। इस मामले में मौत के कारण क्या है, ये तो पीएम रिपोर्ट में ही साफ हो सकेगा, लेकिन गांव-गांव में अवैध शराब की पैकारी और बेखौफ शराब बिक्री आबकारी विभाग के लिए भी बड़ा सवाल है।

### कलेक्टर आज करेंगे पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**उमरिया।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ 23 जून को प्रातः 9 बजे जिला चिकित्सालय में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर ऋचा गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम 25 जून तक आयोजित किया जाएगा । 24 एवं 25 जून को घर घर जाकर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी । जिले में कुल 793 बूथ बनाए गए हैं जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो के ड्रॉप्स स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा लगभग 1लाख बच्चों को पिलाई जाएगी । इस हेतु ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता द्वारा दीवार लेखन एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है । साथ ही ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य संस्थाओं के आपसी समन्वय कर बूथ लेवल पर ड्रॉप पिलाई जाएगी साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के ग्राम में साथिया द्वारा भी इस कार्यक्रम में सहयोग देने की अपेक्षा की गई है।

# मिट्टी से बन रहा स्टाप डेम मिट्टी में मिल सकता है

## 38 लाख के बजट का हो रहा वारान्यारा, अफसरों को चिंता नहीं





संभाग मुख्यालय की जनपद सोहागपुर भ्रष्टाचार के मामले में दूसरे जनपदों को पीछे छोड़ती जा रही है। जनपद की पंचायतें आए दिन भ्रष्टाचार की नई नई कारस्तानियों को अंजाम दे रहीं हैं। विकास के नाम पर फूं के तो लाखों रुपए जा रहे हैं लेकिन उससे ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश निर्माण कार्य घटिया दर्जे के कराए जाकर सरपंच व सचिव अपनी जेब भर लेते हैं।



**शहडोल।**

खन्नाथ पंचायत भी इसी तरह भ्रष्टाचार की हर सीमा लांघने जी जान से जुटी प्रतीत होती है। इस पंचायत में हर साल कई लाख का गड़बड़झाला होता है लेकिन बड़े अधिकारी कभी जांच पड़ताल करने की जरूरत नहीं समझते हैं। इन दिनो इस पंचायत में एक स्टाप डेम का मामला सुर्खियों पर है।

### घटिया दर्जे का निर्माण

खन्नाथ पंचायत में 38 लाख की लागत का एक स्टापडेम बनवाया जा रहा है। इस डेम का निर्माण इतना घटिया है कि यह पूर्ण होने से पहले ही दम तोडऩे लगा है। इसके कुछ हिस्से टूटने लगे हैं तो कुछ हिस्सों में मोटी दरारें दिखाई पड़ रहीं हैं। यह कब भरभरा कर बैठ जाएगा कहना कठिन है। बताया जाता है कि ग्रामपंचायत को इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि स्टापडेम गुणवत्तापूर्ण बने और इसका ग्रामीणों को लाभ मिले, बल्कि यह केवल सरपंच, सचिव और उपयंत्री की धनलिप्सा को शांत करने के लिए बनवाया जा रहा है। निर्माण कार्य में नाममात्र का व्यय कर बाकी सारा पैसा डकार लिया जाएगा।

### रिपेयरिंग से चला रहे काम

स्टापडेम बार बार क्रेक हो रहा है और बार बार उसकी रिपेयरिंग कराकर उसे ढांकने का प्रयास किया जा रहा है। एक स्थान से तो स्टापडेम गिर भी चुका है जिसे आनन फानन किसी तरह जोडक़र पूरा किया जा रहा है। निर्माण की यह दुर्गति है लेकिन सीईओ जनपद और उपयंत्री आदि को इतनी फुर्सत नहीं कि मौका मुआयना करें। निर्माण का भौतिक सत्यापन कर उसकी गुणवत्ता की जांच करें। जाहिर है कि इस धांधली में सचिव से लेकर उपयंत्री और सीईओ तक सभी साझेदार हैं। स्टापडेम बने या भरभरा जाए शासन के 38 लाख का हिसाब तो लग ही जाएगा। खन्नाथ पचायत इस समय भ्रष्टाचार का गढ़ बनी हुई है। जहां से निरंतर मोटा कमीशन अफसरों को मिल रहा है।

### ऐसा मटेरियल लगा रहे

स्टापडेम चूंकि निरंतर पानी के संपर्क में रहता है इसलिए इसे विशेष तकनीक से पूरी मजबूती के साथ बनाने का प्रावधान है। इसमें सीमेट, बालू और लोहे का भरपूर इस्तेमाल किया जाना आवश्यक होता है। लेकिन खन्नाथ का स्टापडेम इसके विपरीत है, यहां बालू की जगह आसपास की मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। सीमेंट के साथ उसे मिलाकर जुड़ाई का कार्य कराया जा रहा है। जिससे निर्माण कार्य ढंग से नहीं हो पा रहा है तथा कई जगह से टूट भी रहा है। पंचायत का सचिव बालू का बिल लगाकर रकम आहरित कर लेगा लेकिन वास्तविकता यह है कि यहां रेत बालू का इस्तेमाल किया ही नहीं गया है।

### नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का हुआ आयोजन

**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस 26 जून 2024 के परिपेक्ष्य में नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नशीले पदार्थों का उपयोग समाज में तेजी बढ़ रहा है साथ ही यह एक सामाजिक समस्या का रूप ले रहा है। उक्त प्रवृति युवाओं विशेषकर स्कूल, कॉलेज के



छात्र-छात्राओं में तेजी से बढ़ती जा रही है। जिसके कारण उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। साथ ही यह प्रवृति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित कर रही है। इसे रोकने हेतु देश व्यापी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में 22 जून को शहडोल पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में नशामुक्ति जनजागृति अभियान का आयोजन किया गया।

### एसईसीएल मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का किया जा रहा आयोजन

**धनपुरी।** केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप एसईसीएल में भी स्वच्छता ही सेवा के उद्धेश्य को अपनाते हुए 16 जून से 30 जून 2024 तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 21 जून को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन प्रांगण में निदेशक तकनीकी



(संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों दवारा साफ़-सफाई किया गया, इसके साथ ही वसंत विहार डिस्पेंसरी एवम इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में भी कर्मियों दवारा साफ़-सफाई की गई ।

## हत्या के 24 घण्टे के अंदर मेडिकल कालेज में प्रेमी की मौत

**शहडोल।**

विवाहित प्रेमिका की हत्या के 24 घण्टे के अंदर इलाज के दौरान प्रेमी सूरज पिता भूषण पनिका निवासी चेचरिया मानपुर की मौत हो गई। दरअसल शुक्रवार की दोपहर प्रेमिका को चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद आरोपी प्रेमी तेजाब का सेवन कर लिया था, जिसके बाद ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से संभागीय मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा मेडिकल कालेज के आईसीयू में प्रेमी इलाजरत रहा है, सूत्रों की माने तो शनिवार की सुबह करीब 11.30 बजे इलाज के दौरान आरोपी प्रेमी की मृत्यु हो गई है। विदित हो कि शुक्रवार की दोपहर घुनघुटी चौकी अंतर्गत ग्राम खाम्हा के समीप अनियंत्रित होकर आल्टो कार एक गड्ढे में फंस गई थी।



### अमरकंटक में कर रही थी बीएड

मृतिका ममता पनिका अमरकंटक के कल्याणिका स्कूल में बीएड की पढ़ाई कर रही थी। घटना दिनांक के एक दो दिन पूर्व सूरज पनिका अल्टो कार लेकर अमरकंटक गया था। जहाँ विद्यालय से ममता को बुलाया और वहीं एक होटल में कमरा लेकर 10 से 15 घंटे बिताये। बाद में दोनों आल्टो कार से प्रेमी के घर चेचरिया मानपुर की ओर रवाना हो गए। बताया जाता है कि इसी बीच रास्ते मे किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और आरोपी सूरज ने चाकू घोंपकर ममता पनिका की हत्या कर दी। सूत्रों की माने तो अल्टो कार एमपी 54 सी 0830 से युवती के शव के अलावा पुलिस ने 2 नग चाकू 1 नग चापड, एक जोडी प्लास्टिक के ग्लब्स, एसिड का डिब्बा और दो नग बैग जप्त किये हैं। अतिसंवेदनशील मामले की खबर लगते ही एडीजीपी डी.सी.सागर सहित पुलिस अमला मौके पर पहुंचा, एडीजीपी ने मामले की सूक्ष्मता से जांच की जाये।

### खून से लथपथ मिली शव

कार चालक सूरज पनिका ने ग्रामीणों से मदद मांगी, स्थानीय ग्रामीणों ने जब कार को गड्ढे से बाहर निकालने का प्रयास किया तो, कार के अंदर सफेद चादर में लिपटी खून से लथपथ युवती की लाश देखी थी, जिसके बाद ग्रामीणों के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी, इस दौरान प्रेमी युवक डर गया और घटना स्थल पर एसिड का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसकी मौके पर ही तबियत बिगड़ी और उसे आनन-फानन में मेडिकल कालेज ले जाया गया। सूत्रों की माने तो, पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के ग्राम अहिरगवां निवासी प्रेमिका ममता पनिका शहडोल के गर्ल्स कॉलेज में बीते साल अध्ययनरत थी। प्रेमी मृतक सूरज पनिका भी उसी साल पालिटेक्निक कालेज में पढ़ाई कर रहा था। सजातीय होने के साथ रिश्तेदार होने की वजह से इनमे घनिष्टता हुई और दोनों के बीच प्रेम प्रसंग स्थापित हो गये।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज

### चार परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 969 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**उमरिया।**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर व्दारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन 23 जून को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 से सायं 4.15 बजे तक दो सत्रो में किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में चार परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसके माध्यम से 969 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होने बताया कि शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 300 परीक्षार्थी, शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 250 परीक्षार्थी, शासकीय आदर्श महाविद्यालय डबरौहा में बनाये गये परीक्षा केन्द्रा में 300 परीक्षार्थी तथा शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 119 परीक्षार्थी शामिल होगे। परीक्षा केन्द्रों पर समस्त प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

परीक्षार्थी अपने कपड़ो, कफलीक, धूप का चश्मा, जूते मोजे, हाथ के बैण्ड, हाथ मे बंधे बंधन इत्यादि इलेक्ट्रानिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष मे जूते मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते है । चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित है । परीक्षा मे पेसिंग इरेजर, व व्हाइटनर एवं एसेसरीज जैसे बालो को बांधने का क्लचर, बकल, घडी, हाथ मे पहने जाने वाले मैटेलिक, चमडे के बैंड, कमर मे पहने जाने वाले बेल्ट, धूप मे पहने जाने वाले चश्मे, पर्स, वालेट, टोपी वर्जित है। परीक्षार्थियो को मोबाइल, केल्कुलेटर इत्यादि इलेक्ट्रानिक उपकरण, पठन सामग्री व वर्जित वस्तुएं लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नही होगी । ऐसे सभी परीक्षार्थियो को जिनके पास संबंधित परीक्षा केन्द्र के लिए आयोग व्दारा जारी प्रवेश पत्र है व आयोग द्वारा निर्धारित किए गए फोटो परिचय पत्रो मे से कोई एक मूल फोटो परिचय पत्र उपलब्ध हो, उन्हे प्रवेश दिया जाएगा ।

### निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति रखने के दिए निर्देश

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर व्दारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन 23 जून को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 से सायं 4.15 बजे तक दो सत्रो में किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में चार परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिसके माध्यम से 969 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होने बताया कि शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 300 परीक्षार्थी, शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 250 परीक्षार्थी, शासकीय आदर्श महाविद्यालय डबरौहा में बनाये गये परीक्षा केन्द्रा में 300 परीक्षार्थी तथा शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 119 परीक्षार्थी शामिल होगे ।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री मप्रपूक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को निर्देश दिए है कि परीक्षा केन्द्रो की विद्युत आपूर्ति के साथ ही जिला कार्यालय उमरिया के कैम्पस मे स्थित जिला कोषालय उमरिया की विद्युत आपूर्ति 23 जून को समय प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक निर्वाध्द रूप से चालू रखी जाए । जिसके लिए आयोग के दिशा निर्देशों अनुसार परीक्षा के सफल संचालन कार्य हेतु निर्धारित समयावधि मे निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति जारी रखना सुनिश्चित करें ।

### दुकान पर कम खाद्यान्न पाए जाने पर 2 लाख जमा करने के निर्देश

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ़ रीता डेहरिया ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलसरा के विक्रेता डोमारी सिंह के विरूद्ध जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी करकेली व्दारा उचित मूल्य दुकान बेलसरा का निरीक्षण विक्रेता डोमारी सिंह का स्वास्थ्य खराब होने के कारण सहायक विक्रेता कृष्ण चंद्र सिंह की उपस्थिति में किया गया। जांच मे पाया गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलसरा की दुकान का संचालन पीओएस मशीन व्दितीय उपयोगकर्ता कृष्ण चंद सिंह द्वारा किया जाता है तथा हितग्राहियो को खाद्यान्न वितरण किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलसरा के हितग्राही मीरा बाई, रत्नी बाई, केहर सिंह, संपति बाई, उमा बाई, जुगुंती बाई, विद्या बाई, ललन सिंह, छोटी बाई, भरनिया बाई, के कथन लिए गए।

## वृक्षारोपण के नाम पर करोड़ों रुपए की खेल रहे होली

### 5 लाख के पौधे हर साल हो रहे लापता, जांच पड़ताल नहीं

**शहडोल।** पर्यावरण संतुलन के लिए शासन के निर्देश पर प्रति वर्ष ग्राम पंचायतों में काफी संख्या में पौधे रोपे जाते हैं और इसके लिए शासन प्रति पंचायत लगभग 5 लाख का बजट आवंटित करता है। जिले की लगभग 390 पंचायतों में इस आंकड़े का अनुमान लगाया जाए तो करोड़ों रुपए के पौधे रोपे जा रहे हैं। लेकिन यह रोपणी कहां है और गत वर्ष के पौधे कहां और किस हाल में हैं यह किसी को जानकारी नहीं हो पाती है। सारा खेल सरपंच व सचिव बड़ी सफाई कर रहे हैं और अधिकांश राशि इन्ही की जेब में जा रही है। होता यह है कि अभियान की शुरूआत का ढोल पीटकर कुछ दिन बाद चुप्पी साध ली जाती है और लक्ष्य पूर्ण दर्शा दिया जाता है। हैरानी की बात यह है कि बड़े अधिकारी कभी भी इन पौधों की रोपणी का भौतिक सत्यापन नहीं करते हैं। 100-50 पौधे रोपकर कार्यक्रम की इतिश्री कर लेते हैं।

### कोरम पूरा करने खिंचवाते हैं फोटो

ग्रामपंचायतों की स्थिति यह है कि अभियान शुरू करने के लिए एक दो स्थल चयनित कर लिए जाते हैं। फिर वहीं कुछ अतिथियों को आमंत्रित कर पौधों की रोपणी शुरू कराई जाती है। इसके लिए फोटो खिंचवाकर उसे इधर उधर पोस्ट करा दिया जाता है। जिससे यह ज्ञात होता है कि अमुक पंचायत वृक्षारोपण कार्य में काफी व्यस्त है और लगातार पौधे रोपे जा रहे हैं। इसके बाद कुछ पौधे सरपंच व कुछ पौधे सचिव स्वयं रोक कर अभियान से छुट्टी पा लेते हैं। पौधों की रोपणी प्रति वर्ष बरसात के समय व्यापक पैमाने पर की जा रही है और इसके लिए पंचायतें बजट का व्यय होना दर्शा रहीं हैं, लेकिन ढूंढ़ा जाए तो पौधे कहीं नजर नहीं आते हैं।

### एक ही स्थल पर होती है रोपणी

पंचायतों में कुछ स्थल ऐसे होते हैं जिन्हे बार बार चयनित किया जाता है। हर साल उन्ही स्थानों पर पौधे रोपे जाते हैं। कभी कभी तो पिछले साल के पौधों को भी वर्तमान के पौधे दर्शा दिया जाता है। तालाबों की मेढ़ पर, श्मशान घाट, चरागन भूमियों, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि परिसर में वृक्षारोपण दर्शाया जाता है। इन्ही स्थलों पर वर्षों से पौधे रोपे जा रहे हैं। एक बार इन जगहों पर रोपणी होने के बाद तो यहां जगह भर जानी चाहिए फिर दुबारा के लिए यहां जगह कहां से निकल आती है। बताया जाता है कि सरपंच सचिव यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि पौधे मर जाते हैं। पंचायतों द्वारा स्थलों का उपयोग किसी मंच की तरह किया जाता है, मंच तो हमेशा एक ही रहता है पर कार्यक्रम बार बार होते रहते हैं।



### सुरक्षा के उपायों में पोल

जानकारी मिली है कि पौधों की सुरक्षा के लिए पंचायतों में प्रावधान है, देखभाल के लिए चौकीदार रखे जाते हैं, जिनकी ड्यूटी पौधों की हिफाजत के लिए समय समय पर पानी देना, पौधौं को जानवरों से बचाने पौधों की घेरेबंदी करना होता है। अगर पंचायतों में चौकीदार तैनात हैं तो फिर पौधे क्यों मर जाते हैं, सचिव इसके लिए स्थलों पर मुआयना करने क्यों नहीं जाते, शासन का बजट जिस कार्य पर खर्च हो रहा है उसकी आडिट और मॉनीटरिंग होनी चाहिए। लेकिन क्या ऐसा कभी होता है? सच तो यह है कि सीईओ जनपद, सचिव आदि कभी वृक्षारोपण की ओर पूरे वर्ष ध्यान नहीं देते हैं। वर्षाकाल में जब पुनः पौध रोपण का समय आता है तो नए सिरे से सक्रियता दर्शा कर कोरम पूरा कर लिया जाता है।

## स्थानीय विकास गतिविधियों के संचालन संबंधी बैठक संपन्न

# सीएसआर मद में उपलब्ध राशि के उपयोग तथा कार्यों की मिलेगी जानकारी



**उमरिया।** मध्यप्रदेश में कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के गतिविधियों को फैसिलिटेट करने एवं क्रियान्वयन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से कंपनी अधिनियम 2013 धारा 135 तथा 409 के अधीन कंपनी (कार्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 जारी किये गये है। इसका उद्देश्य कार्पोरेट सामाजिक दायित्व में सभी हितबंध पक्षकारों (स्टॉकहोल्डर्स) की भागीदारी सुनिश्चित करना एवं समाज को अधिक से अधिक लाभ दिलाना है। प्रत्येक कंपनी को सीएसआर की बाध्यता है। सीएसआर का निर्वहन प्रत्येक कंपनी में गठित सीएसआर समिति के माध्यम से होगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न जिला स्तरीय सीएसआर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में कार्य कर रही दो कंपनियां एसईसीएल एवं ताप विद्युत केंद्र मंगठार आनलाइन जानकारी पोर्टल मे दर्ज कराएं तथा संबंधित विभाग जिन कार्यो के लिए सरकार से आवंटन नही मिलता है, इसे संबंधित आवश्यक कार्य आनलाइन पोर्टल में दर्ज कराए । कंपनियो तथा सभी विभागीय अधिकारियों को आनलाइन जानकारी भरने का प्रशिक्षण दिया जाए। कंपनियों द्वारा विगत तीन वर्ष में किए गए कार्यो तथा सीएसआर मद मे उपलब्ध राशि के उपयोग तथा कार्यो की जानकारी आगामी बैठक में उपलब्ध कराई जाए ।

### कम से कम 2 प्रतिशत लाभ समाज के लिए

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अनुसार किसी वित्तीय वर्ष के दौरान 500 करोड या अधिक के शुद्ध मूल्य वाली या 1000 करोड रूपये या अधिक के आवर्त वाली या पाँच करोड रूपये या अधिक के शुद्ध लाभ वाली प्रत्येक कंपनी का बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि कंपनी प्रत्येक वित्त वर्ष में पूर्ववर्ती ठीक तीन वित्तीय वर्षो के दौरान किए गये कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के अनुशरण में खर्च करती है। मध्यप्रदेश में कार्पोरेट सामाजिक दायित्व का नोडल विभाग औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग (पुनरीक्षित नाम) तथा नोडल अधिकारी प्रबंध संचालक म.प्र.इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेट कार्पोरेशन को बनाया गया है। एमपी आईडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय श्रीवास्तव तथा रीवा से आए आर के सिंह व्दारा बताया गया कि जिला स्तर पर कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया गया है , जिसमे कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य सचिव, प्रस्ताव संबंधी विभाग के जिला प्रमुख सदस्य, संबंधित नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य तथा कंपनी का नामांकित प्रतिनिधि सदस्य होगे। समिति की बैठक प्रत्येक माह में एक बार आयोजित की जायेगी।

### जिला स्तरीय समिति के दायित्व

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों हेतु योजनाओं की सूची (सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट) तैयार करना, कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिये वेबसाइट में सेल्फ आफ प्रोजेक्ट के तहत जिले के विभिन्न विभागों के द्वारा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व की राशि मॉग हेतु अलग-अलग प्रोजेक्ट तैयार कर एमपीआईडीसी को भेजना , सीएसआर कार्यों को प्रोत्साहित करना, गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा करना, कार्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत निर्मित परिसम्पत्तियों के संधारण की व्यवस्था करना। कार्पोरेट सामाजिक दायित्व आवश्यकता पडने पर राज्य के क्रियान्वयन में समिति से मार्गदर्शन प्राप्त करना। जिला स्तरीय समिति किसी एक कार्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधि के लिए यदि आवश्यक हो तो एक या अधिक कम्पनियों से प्राप्त राशि को पूल भी कर सकेगी। किसी शासकीय योजना के तहत यदि राशि कम पड़ती है तो, कार्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के अंतर्गत राशि को भी उपयोग करने हेतु समिति सक्षम होगी।

# विक्रेता को 84 हजार जमा करने के साथ 2 हजार का लगा जुर्माना

### दुकान पर कम खाद्यान्न पाए जाने पर हुई कार्यवाही

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ रीता डेहरिया ने बताया कि हितग्राहियों द्वारा माह सितंबर 2022 में पीएमजीकेएवाय का निशुल्क खाद्यान्न प्राप्त नही होने की शिकायत पर कनिष्ठ आपूर्ति व्दारा उचित मूल्य दुकान मझगवां 18 की जांच की गई एवं व्रिकेता बृजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में भौतिक सत्यापन कराया गया । भौतिक सत्यापन करने पर 25.16 क्विंटल चावल कम, गेहूं 01.70 क्विटल अधिक, नमक 1.63 क्विटल अधिक एवं शक्कर 0.01 क्विटल अधिक पाया गया। शिकायत अनुसार माह सितंबर 2022 में पीएमजीकेएवाय निशुल्क खाद्यान्न के प्राप्त होने के संबंध में हितग्राही पार्वती बाई, काजल प्रजापति, बेला बाई, प्रेम कोल, ननिहा कोल, सुनील कोल, मजली कुम्हार , रिग्गू कोल व संजू साहू के कथन लिए गए । जांच मे पाया गया कि माह सितंबर 2022 को खाद्यान्न विक्रेता को 18 सितंबर 2022 को प्राप्त हो गया था, लेकिन उनके द्वारा हितग्राही प्रेम कोल पिता बलमानी कोल को पीएमजीकेएवाय का निशुल्क खाद्यान्न शिकायत होने के पश्चात माह अक्टूबर मे 6 अक्टूबर 2022 को प्रदाय किया गया । इसी तरह ननिहा कोल का पीएमजीकेएवाय का निशुल्क खाद्यान्न 27 सितंबर 2022 को विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से निकाला गया, लेकिन हितग्राही को शिकायत होने के पश्चात माह अक्टूबर 2022 में प्रदाय किया गया । मंजली कुम्हार द्वारा 7 अक्टूबर 2022 को आधार प्रमाणीकरण कर सशुल्क वाला खाद्यान्न प्राप्त किया गया, लेकिन पीएमजीकेएवाय का निशुल्क खाद्यान्न शिकायत के पश्चात माह अक्टूबर 2022 में दिया गया । इससे स्पष्ट होता है कि विक्रेता व्दारा जान बूझकर माह सितंबर 2022 मे पीएमजीकेएवाय का निशुल्क खाद्यान्न प्रदाय न कर अवैध विक्रय किया गया है । शिकायत के पश्चात उक्त हितग्राहियों को खाद्यान्न माह अक्टूबर 2022 मे प्रदाय किया गया जिससे भौतिक सत्यापन करने पर पीओएस मशीन मे दर्ज स्टाक के चावल 25.16 क्विटल कम पाया गया है ।

उन्होने बताया कि विक्रेता द्वारा जान बूझकर माह सितंबर 2022 का खाद्यान्न पीओएस मशीन से निकालने के पश्चात भी हितग्राहियों को नही दिया गया, शिकायत होने के पश्चात माह अक्टूबर 2022 मे खाद्यान्न प्रदाय करना शिकायत की प्रतिपूर्ति करना स्पष्ट होता है, तथा दुकान मे कम पाया गया स्टाक चावल 25.16 क्विटल अवैध रूप से विक्रय किया गया है ।विक्रेता व्दारा मध्यप्रदेश सावर्जनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश का उल्लंघन किया गया , भौतिक सत्याजपन में प्राप्त खाद्यान्न के अंतर मात्रा की कुल राशि चौरासी हजार चालीस रूपये वसूली योग्य है ।

प्रकरण पंजीयन किया जाकर अनावेदक को सूचना पत्र जारी कर तलब किया गया, अनावेदक बृजेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोष जनक नही पाया गया। विक्रेता बृजेन्द्र सिंह व्दारा मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश का उल्लंघन किए जाने पर दुकान पर कम पाए गये खाद्यान्न की कुल राशि 84040 रूपये शासन पक्ष मे जमा कराने के निर्देश दिए गए है। साथ ही दो हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है । अनावेदक द्वारा दोनो राशि जारी आदेश से 10 दिवस के अंदर मध्यप्रदेश शासन को चालान के जरिए जमा कराते हुए दो प्रतियां अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ में जमा करायेगे ।

# अन्तर्राष्टीय योग दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



**जयसिंहनगर।** अन्तर्राष्टीय योग दिवस पर जयसिंहनगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। मुख्य कार्यक्रम सीएमराईज विद्यालय के क्रीड़ागन में आयोजित किया गया। प्रातः 7 बजे से योग का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम जयसिंहनगर, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक मरावी, बीईओ राजेंद्र तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनारायण पांडेय, जिला उपाध्यक्ष सतिका प्रसाद तिवारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पार्षद दिवाकर देवा पयासी, नगर परिषद के उपाध्यक्ष संपत मिश्रा, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आदेश शुक्ला सहित विभागीय कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री त्रिपाठी द्वारा किया गया। पंडित अटल बिहारी बाजपेयी महाविद्यालय में जय श्री राधेकृष्ण फाउंडेशन के एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य धर्मेन्द्र द्विवेदी, चन्द्र जीत पयासी, दिलीप शुक्ला, प्रकाश पयासी , बृजेश तिवारी, धनंजय शर्मा, रजनीश द्विवेदी, रवीन्द्र पालरा, आयुष विभाग सहित ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

# परीक्षा में हुई भारी धांधली के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

**शहडोल।** जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट-यूजी 2024 परीक्षा मे हुई धांधली के खिलाफ जिला मुख्यालय शहडोल के अंबेडकर चौक पर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन कर रहे काँग्रेसियों ने जानकारी देते हुए बताया कि,नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 4 जून 2024 को नीट-यूजी 2024 का परिणाम जारी किया। कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंक के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोप से परिणाम प्रभावित हुए है। बिहार, गुजरात और हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से उजागर हुआ है। भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न को उजागर करता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर किया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा किया था। नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं



एवं एनडीए सरकार की हताशा, निष्क्रियता और चुप्पी बताती है कि, नीट- 2024 परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है, जिसमें हजारों की संख्या में छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। छात्रों को न्याय दिलाने एवं छात्र हित के लिए काँग्रेस द्वारा यह धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, अगर सरकार इसकी जांच करा कर, छात्र हित में उचित निर्णय नही लेती है तो , काँग्रेस उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम नरेश तिवारी, वरिष्ठ काँग्रेसी अशोक बजाज, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पूर्व पार्षद नईम खान, प्रवक्ता खिरोधर सोंधिया,आशीष द्विवेदी,दलप्रताप सिंह, प्रकाश भारती,मुन्नू तिवारी, शोभराज नागपाल, अकरम खान, मुन्ना दुबे, वीरू विश्वकर्मा, सिद्धू कोल,सोने लाल परवा,प्रदीप बर्मन, भइय्या लाल, राज कुमारी सिंह, रमा विश्वकर्मा, शुभम सोंधिया, सिमरन कौर , अमन तिवारी, हर्ष गौतम, आदित्य,महेंद्र, आयुष, साहिल, सुमित, दीपक आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पुरानी बस्ती से बूढी दादी मंदिर जाने वाली गली की हालत अत्यंत जर्जर



**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 पुरानी बस्ती से बूढी दादी मंदिर जाने वाली गली अत्यंत जर्जर हो गई है। गिट्टी उखडने लगी है। छोटे-छोटे गड्ढे हो गए हैं। वर्तमान में गली की स्थिति यह हो गई है कि गली के बीच से नाली निकाली गई थी वह पूरी तरह से टूट गई है लोगों ने उसके ऊपर के का टुकड़ा रख दिया है लेकिन आवागमन करने वालों को परेशानी हो रही है। किसी दिन कोई दो पहिया वाहन चालक उसे नाली के गड्ढे में गिरकर छोटी ना हो जाए। बता दें कि जकीरा चौक से पुरानी बस्ती होते हुए वासुदेव गर्ग के घर के बगल से जाने वाली गली अत्यंत ही जर्जर हालत में है। जबकि इस गली से 24 घंटे लोगों का आवागमन बना रहता है। दो पहिया एवं पैदल चलने वाले इस गली से आना-जाना करते हैं। इस जर्जर गली के संबंध में कई बार नगर पालिका अधिकारी उप यंत्री एवं पार्षद को भी जानकारी दी गई लेकिन उनका बस एक ही रटा रटाया जवाब रहता है कि जल्दी जर्जर गली की मरम्मत का कार्य करवाया जाएगा। आसपास के रहवासियों ने बताया कि गली के बीच में नाली भी बनी है जो आवागमन लगातार होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है एवं सड़क की गिट्टी भी उखड़ने लगी है छोटे-छोटे गड्ढे हो गए हैं। किसी दिन कोई दुर्घटना घटित ना हो जाए। लेकिन नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य नहीं करवाया जा रहा है। आसपास के रहवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जर्जर सड़क की मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग की है।

## पात्रता श्रेणी रखने वाले गरीबों का नहीं जुड़ता गरीबी रेखा में नाम

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका क्षेत्र में वास्तविक गरीबों गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने के लिए दर-दर भटकता है, इधर-उधर की ठोकर खाता है उसके बावजूद भी उसका नाम गरीबी रेखा में नहीं जुड़ पा रहा है। लेकिन जो लोग गरीबी रेखा पात्रता से बाहर है वह लोग किसी तरह जुगाड़ से गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने में सफल हो जाते हैं और शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ ले रहे हैं चाहे भले ही उनके पास पक्का मकान हो लेकिन जो वास्तविक गरीब है वह परेशान है। नगर पालिका क्षेत्र केवार्ड नंबर 10 में रहने वाली बेवा सुखबरिया बाई एक साल से गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने के लिए कई बार आवेदन की लेकिन बिना सर्वे किए उसे अपात्र कर दीया जता है। सुखबरियां बाई मजदूरी कर जीवन यापन करती है खुद का घर नही है पति के मृत्यू के बाद ससुराल से निकाले जाने के बाद भाई के यहां रहकर मजदूरी कर अपना वा अपने बेटियो का भरण पोषण करती है। ठीक इसी तरह शिवपूजन केवट 6 माह से गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने को लेकर परेशान है। सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है उसे यह बताकर अपात्र कर दीया गया की 6 हजार रुपए पति पत्नी एवं पढ़ रहे बच्चे 6 हजार रूपए कमाते है। उनकी वास्तविक स्थिति बिना देखे अपात्र कर दिया गया। वहीं एक ओर धनवान लोगो का नाम जोड़ा गया है। जिनको गरीब बनाया गया है न ओ लोग मजदूरी करते हैं अच्छी खासी इनकम है कोई कमी नहीं है फोर व्हीलर वाहन उनके नाम है बाइक है, 15 हजार के ऊपर का मोबाइल इस्तेमाल करते है बच्चे निजी विद्यालयों में पढ़ते हैं फिर भी उनको गरीब बनाया गाया है। मोटी रकम लेकर प्रशासन को कुछ लोग जो वास्तविक गरीब है बाजार से 40 रुपए किलो चावल खरीद के खा रहे हैं वहीं दूसरे बड़े धनवान लोग राशन लेकर बाजार में दुकान दारो को 25 से 30 रुपए में बेच दे रहे है। जिससे वास्तविक गरीब 35 से 40 रुपए किलो अनाज खरीद कर खाता है एक ओर मध्यप्रदेश की मोहन सरकार गरीबों के लिए नित नए योजनाओं का अंबार लगा रही है कि गरीबों का उद्धार हो और कुछ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस परिस्थिति में क्या होगा देश का हर जगह लूट है चाहे राजस्व का मामला हो प्रधान मंत्री की अनेकों योजना मुद्रा लोन स्वरोजगार योजना आवास योजना जो की कई सालो से आवेदन किए पेंडिग में पड़ा है। जहा दलालों के मध्यम से अधिकारी काम करते हैं। हितग्राही सीधा संपर्क साधता है तो ताल मटोल कर दिया जता है। नागरिकों ने नगर पालिका क्षेत्र की गरीबी रेखा सूची की जांच जिला अधिकारियों से करवाए जाने की मांग करते हुए अपात्र लोगों को गरीबी रेखा सूची से नाम हटाए जाने की मांग की है साथ ही पात्र हितग्राहियों की गरीबी रेखा की सूची में नाम शामिल करने की मांग की है।

## जमुना कोतमा क्षेत्र में असुरक्षित कार्य के लिए कर्मचारियों पर दबाव

**जमुना।** कोतमा क्षेत्र में प्रबंधन तंत्र द्वारा कर्मचारियों को असुरक्षित तरीके से कार्य करने के लिए अनैतिक दबाव डालने का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय सचिव एसकेएमएस एटक लालमन सिंह द्वारा महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान को लिखे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि दबाव के कारण क्षेत्र में आये दिन अप्रत्याशित दुर्घटनाएँ हो रही हैं। डी.जी.एम.एस. के दिशा-निदेर्शों और भारत सरकार द्वारा बनाये गए खदान संबंधी नियमों की अनदेखी करते हुए प्रबंधन कर्मचारियों को जबरन असुरक्षित कार्य करने के लिए विवश कर रही है। हाल ही में 19 जून को भालूमाडा के विद्युत सब स्टेशन में एक कर्मचारी असुरक्षित कार्य के कारण बुरी तरह से विद्युत करंट से झुलस गया इसके पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं जिनमें कर्मचारियों ने अपनी जान गंवाई है लेकिन प्रबंधन इससे कोई सबक नहीं ले रहा है। लालमन सिंह के पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जमुना कोतमा क्षेत्र की प्रबंधन ने नियम-कानूनों की धज्जियाँ उड़ाने में



महारथ हासिल कर ली है चाहे वह न्यायालय का आदेश हो डी.जी.एम.एस. का दिशा-निर्देश हो या खदान में कार्य करने हेतु भारत सरकार द्वारा बनाये गए माइंस एक्ट हो सभी की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। रिट अपील क्रमांक 1115 में 21 मई 2024 को माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा दिए गए आदेश की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। पत्र में दुर्घटना में घायल कर्मचारी और घटना के प्रत्यक्षदर्शी कर्मचारियों को बिना डराये धमकाये निष्पक्ष जाँच करवाने और दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके यह भी आरोप है कि प्रबंधन द्वारा घटना के बाद कर्मचारियों को डरा धमकाकर अपने पक्ष में बयान दिलवाकर वास्तविकता पर पर्दा डाला जाता है। उदाहरणस्वरूप बरतराई खदान के लैम्प रूम में एक महिला कर्मचारी की अप्रत्याशित दुर्घटना में मृत्यु के बाद भी प्रबंधन ने कर्मचारियों को डरा धमकाकर अपने पक्ष में बयान दर्ज करवाया और लैम्प रूम इंचार्ज अनिल कुमार अग्रवाल को बलि का बकरा बनाया वह आज भी न्यायालय का चक्कर काट रहा है जबकि दोषी अधिकारी आराम से घूम रहे हैं। श्री सिंह ने यह अनुरोध किया गया है कि भालूमाड़ा विद्युत सब स्टेशन में हुई दुर्घटना की निष्पक्ष जाँच करवाई जाए और दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए जिससे क्षेत्र में हो रही अप्रत्याशित दुर्घटनाओं पर विराम लग सके।

## सटोरिये अंकित को पुलिस ने दबोचा

**कोतमा।** नगर में सट्टे का मकड़जाल बुरी तरह से फैला हुआ है। नामचीन सटोरियों के द्वारा किराना दुकान, चाय, पान, अंडा, साइकिल सहित अन्य दुकानों की आड़ बनाकर सुबह से देर रात तक जमकर सट्टा पर्ची काटी जाती है। बड़े पैमाने पर हो रहे सट्टे में नगर की युवा पीढ़ी, व्यापारी एवं मेहनतकश लोग अपनी पूंजी को सट्टे के लालच में फंसकर गंवा दे रहे हैं। वहीं सटोरिए मालामाल हो रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस ने वार्ड क्रमांक 1 टाकीज रोड में स्थित किराना दुकान की आड़ में सट्टे संचालन की सूचना पर दबिश देते हुए सटोरिया अंकित गुप्ता को सट्टे की पर्ची, पेन व नगदी रूपयो के साथ गिरफ्तार करते हुए थाने में कार्यवाही की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी अंकित गुप्ता 36 वर्ष पिता सुंदरलाल गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 1 रेलवे फाटक के पास जो किराना दुकान की आड़ में लंबे समय से सट्टे के अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था। 21 जून को आरोपी के कब्जे से नगदी 600 रूपए, सट्टे की पर्ची एवं पेन को जप्त करते हुए धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। विदित हो कि नगर के वार्ड क्रमांक 1 दफाई टोला में गली-गली सट्टे का अवैध कारोबार फल फूल रहा है जहां सटोरियों के द्वारा कमीशन के लालच में युवाओं को भी सट्टे के लत में फसाया जा रहा है। सट्टे के ठिकानों पर दिनभर सटोरियों सहित असामाजिक तत्वों की आवाजाही होने से वार्ड वासी लगातार परेशान होते रहते हैं।

### इनका कहना है

सट्टा पर्ची काटे जाने की सूचना पर पुलिस टीम भेजकर कार्यवाही कराई गई है। आरोपी अंकित के कब्जे से नगदी एवं सट्टा पर्ची जप्त करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया गया। सूचना प्राप्त होने पर आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

सुंद्रेश सिंह
थाना प्रभारी कोतमा

## खबर संक्षेप

### अमझोर पंचायत में मनाया गया योग दिवस



**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत अमझोर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत में योग के प्रति जागरूक भी किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत के सरपंच कमलेश सिंह, उप सरपंच सुधीर पांडे, रोजगार सहायक शीतलेश गुप्ता, रमेश तिवारी, चंद्रमा साहू, अमित तिवारी, अमन गौतम, अमन पाठक, राजेंद्र पाठक, जवाहर सिंह, चंद्रिका प्रसाद तिवारी, मुस्कान गुप्ता उपस्थित रहे।

### बंद स्ट्रीट लाइट से बढ़ रही परेशानी, कार्यवाही की मांग



**कोतमा।** वर्तमान में नगर पालिका में पूरी तरह से अफसशाही शासन लागू है। अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही का खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। चाहे वह सफाई व्यवस्था हो विद्युत व्यवस्था हो या सड़क के मरम्मत कार्य का हो पूरी तरह से अधिकारी राज नगर पालिका में हावी है। नगर के वार्ड क्रमांक 4 निगवानी रोड में केरहा नाला से लेकर अस्पताल जाने वाले मार्ग की तीन से चार स्ट्रीट लाइट करीब 4-5 दिन से बंद पड़ी हुई है। जबकि 24 घंटे इस सड़क मे लोगों का आना-जाना बना रहता है। अस्पताल होने के कारण लोग इलाज के लिए रात्रि में भी अस्पताल आते जाते हैं, लेकिन केरहा नाला के पास से घोर अंधेरा बना रहता है। बारिश का मौसम भी शुरू हो गया है ऐसे में अंधेरे में आने-जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सांप बिच्छू काटने का डर भी लोगों को बना रहता है। ऐसा नहीं है कि नगर पालिका के अधिकारियों को इसकी जानकारी ना हो क्योंकि इसी सड़क से नगर पालिका के अधिकारी नगर पालिका कार्यालय में आना-जाना करते हैं। इसी तरह नगर के कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। लेकिन इसके मरम्मत की ओर नगर पालिका का ध्यान बिल्कुल ही नहीं जा रहा है।

### चारधाम यात्रा कर वापस लौटे शिव सराफ



**जैतहरी।** भाजपा नेता और वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष एवं स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव सराफ उत्तराखंड के चार धाम यात्रा जो 27 मई को शुरू की थी श्री केदारनाथ धाम श्री बद्रीनाथ धाम श्री गंगोत्री धाम श्री यमुनोत्री धाम के साथ ही श्री तुंगनाथ मंदिर श्री बुढ़ा केदार, भारत का प्रथम गांव माणा, धारी देवी, मनसा देवी हरिद्वार, ऋषिकेश, श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मथुरा, वृंदावन श्री पीतांबरा शक्तिपीठ दतिया, मतंगेश्वर महादेव खजुराहो, प्रकाशेश्वर महादेव देहरादून, मसूरी, जुगुलकिशोर मंदिर पन्ना, बागेश्वर बालाजी सरकार, शारदा माता, बिरासनी माता मंदिर की संपूर्ण 4313 किलोमीटर की यात्रा बुलेट बाइक से पूर्ण कर 17 जून को जैतहरी वापस आ गए जहां उनका परिवार एवं नगरवासियों ने स्वागत किया। शिव सराफ ने बताया कि उनके पास कार भी है परंतु चार धाम यात्रा के साथ उत्तराखंड के पहाड़ों की खूबसूरती व प्राकृतिक नजारों को देखने के लिए उन्होंने बुलेट बाइक से ही सपत्नीक जाने का निर्णय लिया था जो की ईश्वर की कृपा माता-पिता गुरु के आर्शीवाद के साथ सभी के आशीर्वाद से यात्रा सफल रही भाजपा सरकार देश में बने और प्रधानमंत्री मोदी बने यह मनोकामना भी की थी जो पूर्ण हुई। मध्य प्रदेश में भी 29 की 29 सीट बीजेपी जीती है।

## खबर संक्षेप

### पत्थर खदान के लिए जन सुनवाई आज

**रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के ग्राम बीरादेई में 1.091 हेक्टेयर जमीन में पत्थर उत्खनन के लिए आवेदन दिया गया है। इसमें कुल 12 खसरा नम्बर शामिल हैं। खदान की मंजूरी के पूर्व इसकी पर्यावरणीय जन सनुवाई के लिए 23 जुलाई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर मऊगंज के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर अशोक ओहरी ग्राम पंचायत भवन परिसर बीरादेई में 23 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से सुनवाई करेंगे। सुनवाई में क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा तथा खदान के लिए आवेदन करने वाली मेसर्स शिवकृपा एसोसिएट के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### मऊगंज जिले में एक केन्द्र में होगी आज लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**रीवा।** मऊगंज जिले में एक परीक्षा केन्द्र में 23 जून को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गयी है। जिले के शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में चेहरा ढककर तथा मोजे-जूते पहनकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, घड़ी, हाथ में पहनने वाले बैंड, बेल्ट, धूप में पहनने वाले चश्मा तथा बालों को बांधने वाले क्लचर का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल, फोन, पेजर, डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, घड़ी, कम्पास, ग्राफ पेपर, स्केल तथा किसी भी प्रकार का पेपर नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की गई है।

### टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर ने देखे सावरवानी के होम स्टे

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा छिंदवाड़ा जिले में विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम सावरवानी में बने होम स्टे का निरीक्षण बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर (कौशल) डॉ.प्रशांत कुमार सिन्हा और उनकी टीम ने किया। उन्होंने यहाँ बने सारे होम स्टे देखे और पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं, पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों से मिल रहे फीडबैक की समीक्षा की। उन्होंने अभी तक अधूरे पड़े बाकी होम स्टे का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रोजेक्ट कार्यपालक सुश्री प्रियंका सिन्हा व सुश्री हनिशा तलरेजा, होम स्टे प्रबंधक सुश्री गायत्री भी साथ में थीं। पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार सावरवानी दौरे पर आए टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ.सिन्हा ने पर्यटन विकास समिति के सभी सदस्यों और होम स्टे संचालकों से बातचीत करते हुए यहाँ चल रही सभी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सुझाव मांगे और अपने विचार भी ग्रामीणों के सामने रखे। श्री सिन्हा ने गांव में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।




# लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आज, परीक्षा के लिए बनाये गये 12 केन्द्र

## संभागीय प्रेक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के संबंध में ली बैठक

रीवा। रीवा जिले में लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 केन्द्र बनाये गये हैं। यह परीक्षा आज 23 जून को आयोजित की जायेगी। प्रारंभिक परीक्षा के लिए नियुक्त संभागीय प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएस अधिकारी केएस गौतम ने रीवा जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों तथा मऊगंज जिले के एक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों की बैठक लेकर परीक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में चेहरा ढककर तथा मोजे-जूते पहनकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, घड़ी, हाथ में पहनने वाले बैंड, बेल्ट, धूप में पहनने वाले चश्मा तथा बालों को बांधने वाले क्लचर का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल, फोन, पेजर, डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, घड़ी, कम्पास, ग्राफ पेपर, स्केल तथा किसी भी प्रकार का पेपर नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की गई है।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग शिविर का आयोजन 25 जून को

## जनपद पंचायत सिरमौर कार्यालय के पास सामुदायिक भवन में आयोजित होगा शिविर



**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। इनका पंजीयन सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन में शुरू हो जाएगा। शिविर की कार्यवाही सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत दिए गए अधिकारों का लाभ देने के लिए प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाना है। आयोग की बेंच सुनवाई के दौरान बच्चे, उसके माता-पिता, संरक्षक अथवा बच्चे की देखभाल करने वाले द्वारा प्रस्तुत शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, एसिड हमले के पीड़ितों, निराश्रित बच्चों, शारीरिक दुर्व्यवहार और शोषण से पीड़ित बच्चों तथा घरेलू हिंसा के शिकार बच्चों के प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में पुलिस द्वारा बच्चों के दुर्व्यवहार, अवैध दत्तक ग्रहण, बच्चों के खिलाफ हिंसा, बच्चे की तस्करी, सड़कों पर बेसहारा तथा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों, दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी। बच्चों के कल्याण से जुड़ी योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी विभाग शिविर में उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार का वैधानिक निकाय है जिसे सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित किया गया है। आयोग का मुख्य उद्देश्य देश के समस्त बालकों को उनके अधिकारों को सुरक्षित करने में सक्षम बनाना है। आयोग की टीम बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन और वंचन से संबंधित मामलों के विरूद्ध जनमानस से शिकायतें लेगी। बालक, माता-पिता, अभिभावक, देखभाल करने वाले या बाल अधिकारों के लिये काम करने वालों के लिये किसी भी अन्य व्यक्ति सहित कोई भी व्यक्ति एनसीपीसीआर की बेंच/कैम्प के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। स्ट्रीट चिल्ड्रन, स्कूल, चाईल्ड केयर संस्था, चिल्ड्रन होम, हॉस्टल या कोई अन्य स्थान जहां बच्चें शिक्षा/प्रशिक्षण लेते हैं या निवास करते हैं आदि सहित सभी वर्गों के बच्चे बेंच के समक्ष अपनी शिकायत/अभ्यावेदन कर सकते हैं। शिविर आयोजन के संबंध में ग्राम स्तरीय समिति द्वारा सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही ग्राम के कमजोर परिवार के बच्चों एवं बच्चों की शिकायतों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है।

# लघु वेतन कर्मचारियों ने नीलम पार्क भोपाल में भरी हुंकार



**रीवा** । मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम् जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर नीलम पार्क भोपाल में आयोजित संख नाद आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों से हजारों की संख्या में शामिल कर्मचारियों ने सरकार के कर्मचारी विरोधी रुख पर असंतोष व्यक्त किया है। कर्मचारी नेताओं ने मुख्य मंत्री को 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र वार्ता के लिए आमंत्रित करने की अपील की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगो में भृत्य का पदनाम कार्यालय सहायक करना, ग्रेड पे 1300 के स्थान पर 1800 करना, महंगाई भत्ते में वृद्धि, पुरानी पेंशन बहाली, केंद्र के समान गृह भाड़ा परिवहन भत्ता एवम् धुलाई भत्ता स्वीकृत करना, वर्दी का बजट आवंटित कर नकद भुगतान करना, कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित एवम् 300 दिवस का अवकाश नकदीकरण करना,नवीन नियुक्ति में 70,80,90 प्रतिशत स्टायफंड योजना को समाप्त करना,सेवा निवृत्त आयु 62 को 65 वर्ष करना, पदोन्नति हेतु नया नियम लागू करना,स्थाई कर्मी और दैनिक वेतन भोगी भोगी को नियमित करते हुए 7 वे वेतनमान का लाभ और अनुकम्पा नियुक्ति देना,अंशकालीन कर्मचारी को कलेक्टर दर घोषित करना,आशा ऊषा कार्यकर्ता को नियमित वेतनमान देना, और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका कोटवार रसोइया को नियमित करना शामिल है। प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि शासन स्तर से मांगो का निराकरण नही होने पर संपूर्ण प्रदेश में लघु वेतन कर्मचारी आंदोलन करेंगे। सभा स्थल पर महेन्द्र शर्मा,निहाल सिंह जाट, चूरामन रैकवार, सुधीर भार्गव, नेपाल सिंह, मनोरंजन यादव,छोटेलाल गुप्ता, आशा बंसल, दीपक साकेत, अमित त्रिपाठी,प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यगण, प्रदेश के सभी संभागों एवम् जिलों के अध्यक्ष सहित हजारों को संख्या में कर्मचारियों का सैलाब उपस्थित रहा। आंदोलन के पश्चात कर्मचारियों का जत्था रीवा वापस पहुंचा। उप प्रांताध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया है।

# कंपनियों में नौकरी के अवसर प्रदान करने दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव एवं तामिया विकासखण्ड में नवीन शिक्षण सत्र में शिक्षा का स्तर ऊपर उठाने एवं 12वीं उत्तीर्ण विधार्थियों को देश की उत्कृष्ट कंपनी H C L में नौकरी एवं अवसरों पर कार्यशाला में विधायक के प्रयास से स्मार्ट लर्निंग के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी एम्बाईब, उन्नति एवं HCL की तरफ से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जुन्नारदेव एवं तामिया के बी ई ओ, बी आर सी, प्राचार्य एवं जनशिक्षकों ने विधायक सुनील उईके के साथ मिलकर नवीन शिक्षा सत्र के लिए रणनीति तैयार की एवं शिक्षण कार्य मे आने वाली परेशानियों एवं उनके निदान पर भी चर्चा की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक श्री उईके ने कहा कि विधानसभा के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है।

**पल्स पोलियो अभियान में पाँच साल तक के हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी**

# पल्स पोलियो अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आज रीवा में

## जिले में पल्स पोलियो अभियान में 390140 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**रीवा।** जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 23 जून से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पांच साल तक के 390140 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम रीवा में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से मेडिकल कालेज आडिटोरियम में प्रारंभ होगा।

हमारे जिले और देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन देश के दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में पिछले साल तक पोलियो के केस मिले हैं। इससे हमारे देश के बच्चों को भी पोलियो का खतरा बना हुआ है। बच्चों की सुरक्षा के लिए 23 जून को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसमें पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत मण्डल तथा अन्य विभागों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

प्रथम दिवस पोलियो बूथ में अधिकतम बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। किसी कारणवश बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को घर-घर जाकर 24 तथा 25 जून को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। पोलियो की दवा पिलाने के दूसरे दिन यदि बच्चा अनुपस्थित मिलता है तो उसकी सूची तैयार कर एक सप्ताह के अंदर उसे दवा पिलाकर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी तैनात किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है।

# साथी पत्रकार श्रीवास्तव के निधन पर पत्रकारों ने अर्पित की उन्हें श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

लगभग डेढ़ दशक से पत्रकारिता कर रहे पत्रकार दीपक श्रीवास्तव के असामयिक निधन पर जुन्नारदेव विधानसभा के पत्रकारों ने रामलीला मंच में शोक सभा कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी।बीते दिनों तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया ।जहां उन्होंने अंतिम सांसें लीं।साथी पत्रकार के निधन की खबर मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर व्याप्त हो गई।शनिवार को विधानसभा के पत्रकारों ने नगर में एक शोक सभा आयोजित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।वरिष्ठपत्रकार पार्षद संजय जैन ने उन्हे कलम का सच्चा सिपाही बताया।वंही वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद ताहिर ने कार्यक्रम में मौजूद सभी पत्रकारों से इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहने की अपील की व दीपक श्रीवास्तव के बारे में विस्तार से चर्चा की व नगर में चल रही चर्चा जिसमे मुख्य रूप से उनको दी जा रही मानसिक प्रताड़ना के विषय मे अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से दिए ज्ञापन में जिला कलेक्टर से जांच किये जाने की मांग की गई है व साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी परिजनों के अनुसार पत्रकार साथी को प्राथमिक चिकित्सा में देरी के विषय मे जांच किये जाने हेतु ज्ञापन दिया गया है ।

# दमुआ कॉलेज में किया गया सामूहिक योग



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 21 जून दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन सतपुड़ा भवन भोपाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के मार्गदर्शन में शासन द्वारा निर्देशित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें डॉक्टर दिलीप सर योग प्रशिक्षक के रूप में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को योगा अभ्यास प्रातः 6:00 बजे से 8:00 तक किया गया तथा योग अभ्यास से शारीरिक विकारों से कैसे बचा जा सकता है।

# हनुधाम मंदिर पहुंची कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



शनिवार सुबह हनुधाम मंदिर किशनपुर पहुँचकर कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्रीमति सम्पतिया उइके,एवं राज्यसभा सांसद व प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार ने किशनपुर हनुधाम मंदिर में हनुमान जी के कृपापात्र गुरुमहाराज के दर्शन किए एवं अर्जी लगाई,इस दौरान विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,सेवक यादव,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,विजेन्द्रसिंह दीक्षित सहित मंदिर समिति के सदस्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे,ज्ञात हो की हनुधाम मंदिर किसनपुर में प्रत्येक शनिवार हनुभक्त श्री नारायण सोनी, हनुमान जी की कृपा से सवारी के माध्यम से हजारों लोगों की समस्या निवारण करते हैं।

# पुलिस ने शुरू किया नशा मुक्ति अभियान

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव पुलिस थाना प्रभारी राकेश बघेल के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जुन्नारदेव नगर में व्यापारियों एवं आसपास के लोगों को एकत्रित कर नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में एएसआई राजेश शर्मा,आरक्षक संदीप झरबड़े,आरक्षक राम अवतार तिवारी सैनिक रघुनाथ यदुवंशी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अनूपपुर को स्मार्ट मीटर से मुक्त रखने सौंपा ज्ञापन



**चचाई।** अनूपपुर जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विद्युत बिल से काफी भयभीत हैं साथ ही शंका जाहिर कर रहे हैं कि मध्यम वर्गीय लोगों हेतु स्मार्ट मीटर का बिल भुगतान कहीं आर्थिक क्षति का पर्याय तो नहीं। इस संबंध में समाजसेवी जितेंद्र सिंह निवासी माना गंज जैतहरी वार्ड नंबर 11 ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा, प्रबंध निदेशक मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर, अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ अधीक्षण अभियंता अनूपपुर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के ठेकेदारों सह अधिकारी अनूपपुर, चचाई, जैतहरी, कोतमा, बिजुरी, अमरकंटक आदि स्थानों में स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। यह स्मार्ट मीटर क्या है इसका प्रयोग कब किया गया कोई नहीं जानता। प्रार्थी ने निवेदन पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में उपभोक्ताओं के यहां गुणवत्तापूर्ण इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगा हुआ है जिसे उपभोक्ता संतुष्ट है साथ ही विभागीय अनुसार इलेक्ट्रॉनिक मीटर सफल भी रहा है फिर स्मार्ट मीटर की आवश्यकता क्यों पड़ी जिससे उपभोक्ता असंतुष्ट हैं जबकि वे अपना बिल लिमिट समय पर जमा करते हैं वही वितरण कंपनी के अधिकारी ठेकेदारों को स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर प्रदान कर प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को कहीं छलने का प्रयास तो नहीं कर रहे हैं। प्रार्थी द्वारा अनूपपुर जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### जिले में 13.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 13.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषामापी केन्द्र कोतमा में 6, जैतहरी में 20.2, वेंकटनगर में 26.2, पुष्पराजगढ़ में 7.2 तथा अमरकंटक में 23 ,अनूपपुर 10.4, बिजुरी 7 तथा बेनीबारी 6.4 मिमी वर्षा दर्ज दर्ज की गई।

### जैतहरी रेलवे अंडर ब्रिज में भरे पानी से आवागमन में हो रही परेशानी



**अनूपपुर।** जिले के अनूपपुर जैतहरी मार्ग में जैतहरी रेलवे अंडर ब्रिज में बारिश का पानी भरा हुआ है। जहां मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक, राहगीर खासे परेशान है। अंडर ब्रिज में पानी अधिक भरा होने से छोटे दो-चार पहिया वाहन बाइक, स्कूटी, मारुति वैन, ऑल्टो सहित अन्य गाड़ियों के इंजन में पानी भर जाने से वाहन बंद हो जाते हैं। ब्रिज में पानी निकासी की स्थिति इतनी गंभीर है कि रेलवे ट्रैक के बीच मार्ग गड्ढे होने से कई बार तो बाईक सवार गिरते पड़ते अपना सफर तय करते है। वर्षों से इस अंडर ब्रिज में पानी और गड्ढों की समस्या से जूझ रहे राहगीर व वाहन चालक पीड़ा समझने वाला कोई नहीं है। जबकि पूर्व में भी रेलवे कर्मचारियों को भी उक्त समस्या के बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है, किंतु जिम्मेदारों के कानों में जूं नही रेंगी। स्थानीय लोगों ने उक्त समस्या का स्थायी समाधान की मांग की है।

### जिले में 6.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 6.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषामापी केन्द्र कोतमा में 24, जैतहरी में 4.4, वेंकटनगर में 12, पुष्पराजगढ़ में 6.6 तथा अमरकंटक में 5 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# उदास माथों को मानसून के छींटों का इंतजार

## खेत तैयार कर बारिश के इंतजार में किसान, खाद-बीज की व्यवस्था में जुटे

**उधर अमरकंटक मे झमाझम बारिश से खुशनुमा हुआ मैकलांचल**

जून माह की शुरूआत से ही किसानों ने खरीफ फसल की बोवनी के लिए खेतों को तैयार करने में लग गए थे वहीं इस समय तो अधिकांश किसानों के खेत तैयार है, लेकिन अभी तक प्री-मानसून की भी शुरूआत नहीं होने से किसानों को उसका इंतजार बना हुआ है।





अनूपपुर। जिले में बीते वर्ष बोवनी का कार्य जल्दी शुरू हो गया था जिसको देखते हुए इस वर्ष भी किसान जून माह की शुरूआत से ही खेतों में खाद डालकर अंतिम रूप देने में लग गए थे। जिससे बारिश होते ही वह खरीफ फसल की बोवनी कर सकें, लेकिन इस बार प्री-मानूसन की भी शुरूआत नहीं हुई है।

इस समय गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। अब बारिश का इंतजार है। यदि प्री-मानसून में ही बोवनी लायक बारिश होती है तो बोवनी कार्य शुरू हो जाएगा। देर से आने के बाद मानसून सुस्त चाल से आगे बढ़ रहा है। जानकारों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में अगर मानसून स्पीड पकड़ लेता है तो किसानों को राहत मिल सकती है। मानसून अभी कोंकण तट, गोवा, केरल, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर की ओर सीमित है। ग्लोबल वार्मिंग की प्रभाव यहां भी दिख रहा है। रिकोर्ड तोड़ तापमान से जनजीवन व्याकुल हो गया है। किसान मानसून के इंतजार में आसमां की ओर टकटकी लगाए है कि बारिश होगा तो खेतो में धान बोयेंगे। आशा निराशा में बदलते देख किसान परेशान एवं अपने भविष्य के प्रति चिंतित है। जून माह के 22 दिन गुजर गये है, लेकिन अभी तक बारिश नही हुई।

### बेहतर बारिश की उम्मीद

मानसून की उम्मीदों में खेती को संवारने का दौर शुरू हो गया है। धान की नर्सरी लगाकर किसान बारिश की कामना में लगे हैं। कृषि विभाग भी खरीफ सीजन में बुवाई के लिए तमाम किस्मों के बीजों का इंतजाम किए तैयार है वहीं, खेत-खलिहान से जुड़े लोग इस बार बेहतर बारिश की उम्मीद जता रहे हैं। मानसून आने में भले ही देर हो, पर किसान एक प्री मानसून बारिश के इंतजार में आसमान की ओर हर रोज निहारने लगे हैं। खेतों को भी इसी बारिश की उम्मीद में तैयार कर लिया गया है। वहीं, धान रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने का काम भी किसानों ने निजी साधन और ट्यूबवेल से हो चुका है। अब किसान एक बारिश आने के बाद खेतों में बुवाई के लिए तैयार बैठा है।

### मानसून के आगमन के साथ होगी खुशियों की बौछार


देश प्रदेश सहित जिले में हर वर्ष दक्षिण-पश्चिमी मानसून का किसान बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि उनकी फसलों की सिंचाई इसी बारिश के पानी पर निर्भर है। समय से बारिश न होने पर न केवल खाद्यान्नों का उत्पादन घटता है, बल्कि देश के उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। यह दोहरी मार आम जनता को सबसे ज्यादा झेलनी पड़ती है। देश में मानसून के आगमन के साथ ही खुशियों की भी बौछार होने लगती है, क्योंकि भारत कृषि प्रधान देश है और हमारी कृषि मानसून पर निर्भर करती है। देश में 60 फीसदी कृषि भूमि की सिंचाई बारिश के पानी से होती है। 58.2 फीसदी कामगार कृषि पर निर्भर करते हैं। कृषि से उद्योगों को कच्चा माला मिलने के साथ-साथ कामगारों को आय भी होती है।

### अमरकंटक मे झमाझम बारिश

21 जून को जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक मे आंधी तूफान ने जमकर तांडव किया, जिस कारण यहां कई पेड़ धराशायी हो गये वही तेज बारिश ने पवित्र नगरी को तरबतर कर दिया। जिससे यह माना जा सकता है कि जिले मे प्री मानसून ने पवित्र नगरी से आगाज कर दिया है वही जिले के अन्य क्षेत्र के किसान अभी भी प्री मानसून के इंतजार मे आसमान की ओर टकटकी लगाये देख रहे हैं। भारी बारिश और हवा के कारण वन विद्यालय परिसर अमरकंटक में विद्युत लाइन मे पेड़ गिरने से जहां विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई वही झमाझम बारिश से यहां के किसानों पर खुशहाली झलक रही हैं। हालांकि जिले मे दो दिनो से शाम के समय मौसम परिवर्तन होता है, लेकिन हल्की बारिश के बाद फिर गर्मी अपने तेवर दिखाने लग जाती है।

# मानसून पूर्व आशियाना संवारने में जुटे लोग

## घर-घर चल रही तैयारी, सजी तिरपाल की दुकानें



**अनूपपुर।** जिले में भले ही मानसून के आने में समय और लग सकता है, लेकिन बारिश के पूर्व ही लोग आशियाना संवारने में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बांस-बल्ली बदलने के साथ ही छतों की मरम्मत कर रहे हैं। इस वर्ष मजदूरी में वृद्धि हो गई है। मानसून को लेकर अब आशियाना संवारने की चिंता लोगों को सताने लगी है। इस समय दिनभर धूप होने के बाद समय के समय बादलों के बीच लुकाछिपी का दौर शुरू हो गया है। बारिश से बचने शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की छतें सुधारने मकान मालिक जुट गए हैं। लोग मकानों की मरम्मत, छप्पर बदलने तथा झुग्गी झोपड़ी को प्लास्टिक और टिनों से ढंकने की जुगत में लग गए हैं। इन दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तिरपाल की दुकानें सजनी शुरू गई हैं। ग्रामीण अंचल से पन्नियां और टिन खरीदने काफी तादाद में ग्रामीण मुख्यालय आ रहे हैं और टैक्टर ट्राली में टिन-टप्पर भरकर ले जा रहे हैं। आज के बदलते दौर में खपरैल का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है। पूर्व में शहर सहित ग्रामीण अंचलों में घरों की पहचान खपरैल से होती थी वहीं आज आधुनिकता की चकाचौंध में खपरैल की महत्ता कम या न के बराबर हो गई है। वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में तो गिने-चुने ही मकान होंगे, जहां खपरैल की छत हो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब लोग खपरैल की जगह पक्के मकान बना रहे हैं। एक समय था जब बारिश का सीजन आते ही खपरैल बनाने वालों के पास सांस लेने की फुर्सत नहीं होती थी, लेकिन आज स्थिति यह है कि खपरैल की मांग लगभग नहीं के बराबर रह गई है। ऐसे में उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है वहीं कई खपरैल बनाने वाले जो बरसों से यही काम करते आ रहे थे वे भी इस काम को छोड़कर अन्य व्यवसाय की ओर अपना रूख कर रहे हैं। कुल मिलाकर घरों की शान समझे जाने वाले खपरैल में अब अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है।

## उद्यमिता के जैविक पथ से 37 करोड़ युवाओं को किया जा सकता है रोजगारयुक्त

# 23-24 वर्षों का अमृत काल भारत 2047 अष्ट भुजाधारी जैसी हो

अनुपपुर।

स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा सात दिवसीय अखिल भारतीय उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समृद्ध स्टार्टअप के लिए सफलता की जड़ें एवं दृष्टिनिर्माण के लिए किया गया जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार ने देश भर में मजबूत 'उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र' स्थापित करने और स्वावलंबी भारत अभियान के लिए आवश्यक विशेषज्ञता और ज्ञान से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। जिसमें अखिल भारतीय दायित्ववान, 11 क्षेत्र एवं 45 प्रांत के दायित्ववान तथा प्रांत स्तर के पूर्णकालिक प्रमुख कार्यकर्ताओं को उद्यमिता के ऑर्गेनिक- सिद्धांतों से अवगत कराया गया। जिससे 806 जिलों और 6,40,930 गांवों में उद्यमिता का वातावरण निर्मित होकर नवाचार, समृद्धि, समावेशी विकास और लचीले विशेषता के सिद्धांतों के माध्यम से 37 करोड़ युवाओं को उद्यमी बनाया जा सकें।

### भारतीय मॉडल के लिए देशभर से कार्यकर्ताओं को किया गया तैयार

वर्तमान में भारत में 37 करोड़ युवा नौकरी की तलाश में हैं। इनमें से 90% के पास मजबूत व्यावसायिक पृष्ठभूमि, कौशल, नवाचार और वित्तीय स्थिरता का अभाव है। जिन्हे 'डीएलईसी' फोर-लेन पथ - विकेंद्रीकरण, स्थानीय, उद्यमिता और सहकारिता के साथ स्थानीय संसाधनों, व्यक्तिगत रुचियों, कौशल और पारिवारिक पृष्ठभूमि का लाभ देते हुए अपने गाँवों या जिलों में सूक्ष्म या लघु उद्यम शुरू



करवाने का रणनीतिक रोडमैप विकसित करके, युवाओं को स्थायी उद्यमशीलता प्रथाओं की ओर मार्गदर्शन करने के लिए सतीश कुमार ने सम्पूर्ण भारत के कार्यकतार्ओं को सात दिन तक प्रशिक्षित किया।

### 23-24 वर्षों का अमृत काल भारत 2047 अष्ट भुजाधारी जैसी हो

भारत 2047 स्वदेशी भारत महान भारत पं दीनदयाल उपाध्याय सत्र को सम्बोधित करते हुए सतीश कुमार ने कहा की स्वतंत्रता के 100 वें वर्ष की, शताब्दी वर्ष की यात्रा संगठन या देश इन्हें अपने निकटवर्ती व दूरगामी लक्ष्य तय करने ही चाहिए, योजनाओं को खाका देते समय आगे 23-24 वर्षों का लक्ष्य अष्ट भुजाधारी जैसी होनी चाहिए। जिसमें युवा गतिमान जनसंख्या, पूर्ण रोजगारयुक्त भारत, वैश्विक सर्वोच्च अर्थव्यवस्था, अभेद्य सुरक्षा तंत्रझअजेय, विज्ञान व तकनीक में अग्रणी, विश्व बंधुत्व का प्रबल प्रवक्ता, पर्यावरण संरक्षक भारत तथा उच्च जीवन मूल्यों का प्रणेता सम्मिलित है। विशेष उपस्थिति कश्मीरी लाल, अ.भा. संगठक, प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा, अ.भा. समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान, आर. सुंदरम, अ.भा. संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, डॉ धनपत राम अग्रवाल, अ.भा. सहसंयोजक, अजय पतकी, अ.भा. सहसंयोजक, जीतेंद्र गुप्त, अ.भा. सहसमन्वयक, श्रीमती अर्चना मीना, अ.भा. सह-समन्वयक तथा अ.भा. महिला प्रमुख, डॉ राजीव कुमार, अ.भा. विचार विभाग प्रमुख, एवं अ.भा. सहसमन्वयक, धर्मेंद्र दुबे, अ. भा. प्रचार विभाग प्रमुख, सत्रों की अध्यक्षता डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई, डॉ. राज नेहरू, कुलपति, विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रो. सोम नाथ, कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, शशांक मणि त्रिपाठी, सांसद, देवरिया, डॉ. सुषमा यादव, प्रो वाइस चांसलर, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, कार्यशाला प्रमुख आचार्य (डॉ) विकास सिंह, प्रांत सह संयोजक, महाकौशल प्रांत, सहप्रमुख डॉ. जया शर्मा, हार्दिक सोमानी, अश्विन, अभिषेक सहित क्षेत्र एवं प्रान्त स्तर के चार सौ पदाधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के डीन आचार्य (डॉ) विकास सिंह ने अखिल भारतीय उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से कराया तथा ऑनलाइन टेक्नोलॉजी से सभी का पंजीयन तथा सहभागिता कराई गई।

## हाथियों के विचरण से ग्रामीण परेशान, नहीं निकल रहा कोई समाधान

**अनूपपुर।** जिले में सातवें दिन दो नर हाथियों का समूह अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र एवं तहसील तथा थाना क्षेत्र के जंगलों में दिन में विश्राम करने बाद शाम होते ही जंगल से निकलकर आसपास के ग्रामीणो के खेतों घरों में रखे अनाज, सब्जियां एवं फलो को अपना आहार बनाते हुए पूरी रात विचरण करने बाद सुबह होने पर फिर से जंगल के बीच जाकर ठहर जाते हैं। विगत 7 दिनों से निरंतर दो नर हाथियों के विचरण करने एवं नुकसान करने से ग्रामीण परेशान है वहीं जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा अब तक हाथियों को जिले से बाहर करने का कोई उपाय नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण ग्रामीणों मे आक्रोश बढते जा रहा है। हाथी घर, बांड़ी, खेत में प्रवेश न करें इस हेतु ग्रामीण विभिन्न तरह के साधन एवं अत्यंत खतरनाक कदम उठाने को बाध्य हो रहे हैं वहीं वन विभाग ग्रामीणों को हाथियों के समूह के नजदीक न जाने, ऐसा कोई कार्य या विद्युत लाइन, महुआ, शराब न रखने, खेतों में करन्ट नहीं फैलाने, हाथियों पर पत्थर एवं अन्य से हमला न करने जैसे अनेकों सुझाव दे रही है। जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा हाथियों की निगरानी के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वनविभाग के साथ राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त रूप से रात में निगरानी की जा रही है। शनिवार को ग्राम पगना के ग्रामीणों के बीच वन विभाग ने बैठक कर ग्रामीणों को समझाइश दी है।

**न्यायालय में श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

सुहाना बाई ........................-आवेदिका

बनाम

दयाराम वगैरह................-अनावेदकगण

दावा दीवानी बाबत मृत्यु घोषणा ।

व्यवहारवाद क्र.- RCSA/42/2023

तारीख पेशी - 10/07/2024

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को जरिये प्रकाशन एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने अपने पति हेतराम सिंह पिता धनीराम सिंह की सन् 2011 में गनियारी (कोटा) जिला-बिलासपुर छ.ग. ईलाज हेतु लेकर गई थी जहां 2 दिन ईलाज हुआ था तीसरे दिन वहां से आवेदिका के पति हेतराम कहीं गुम हो गये और काफी खोजबीन करने के पश्चात आज दिनांक तक नहीं मिले इस प्रकार आवेदिका के पति को गुमे हुये लगभग 12-13 वर्ष हो चुका है तब से आज दिनांक तक आवेदिका के पति हेतराम पिता धनी सिंह का कोई पता नही चला एवं आवेदिका व आवेदिका के परिवार के लोगों व रिश्तेदार तथा गांव के लोगों द्वारा इन वर्षो में न तो कहीं देखा गया है ना ही इसके बारे में कहीं सुना गया है इस कारण आवेदिका माननीय न्यायालय के समक्ष दावा प्रस्तुत कर अपने पति हेतराम सिंह पिता धनी सिहं गोड़ का मृत्यु घोषणा करा पाना चाहती है।

यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखना हो या कोई आपत्ति हो तो आगामी सुनवाई दिनांक-10/07/2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रख सकते हैं उक्त तिथि को कोई आपत्ति प्रस्तुत नही होने पर न्यायालय द्वारा सुनवाई की प्रक्रिया में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।


इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से दिनांक-14/06/24 जारी ।

स्थान- कोतमा

दिनांक- 14/06/2024

सील

(श्रीमती रश्मि बागरी)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02
कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)



## एसडीओपी ने भालूमाड़ा थाने का किया निरीक्षण

**कोतमा।** शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा थाना भालूमाडा का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण देखने के बाद थाने में उपस्थित रजिस्टर जिला बदर सूची, गुंडा सूची, निगरानीशुदा बदमाश, माफी बदमाश, जप्ती रजिस्टर, वारंटी रजिस्टर सहित रिकार्डो का निरीक्षण किया गया। थाना अंतर्गत होने वाले अवैध कार्यों का गंभीरता से पतासाजी करते हुए ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए। नशे के खिलाफ आभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हो। समस्त पुलिस स्टाफ अपने बीट में नियमित गस्त करते हुए ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी भालूमाडा राकेश उइके, एस आई अनुराग अवस्थी, राघव बागड़ी ब्रजेश सिंह किरण मिश्रा, रामहर्ष पटेल जितेंद्र खलको सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से ना रहे वंचित- कलेक्टर


### जिलेवासियों से राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील

अनूपपुर।

0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 23 से 25 जून तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत अनूपपुर जिले में भी 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक नजदीकी बूथ पर पिलाई जाएगी इस संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने सभी जिलेवासियों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अभियान के अंतर्गत एक भी बच्चा 0 से 5 साल तक का छूटे ना यह सुनिश्चित हो जिससे पोलियो मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम बच्चों के सुरक्षात्मक कदम के तौर पर आयोजित किया गया है कलेक्टर ने बताया है कि प्रथम दिन बूथ पर दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा गया है छूटे हुए बच्चों को अगले दो दिनों में घर-घर जाकर पोलियों की दवा पिलाई जाएगी इस हेतु आवश्यक कर्मचारियों की तैनादगी की गई है।

### 25 जून से चलेगा दस्तक अभियान

दस्तक अभियान के तहत समुदाय में बीमार नवजात और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल, 5 वर्ष से कम उम्र के



गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस पहुंचाना। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विकास में विलंब की पहचान, 5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों में श्रवण बाधित एवं दृष्टि दोष की पहचान और पुष्टि कर आर.बी.एस.के. कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित कराना, समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाइश समुदाय को देना, एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन, गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों के टीकाकरण का कार्य किया जाएगा।